बरेली, बुधवार
17 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+8=28

# दैनिक जागरण

**PAGE NO I : TOP**

**क्रिकेट :** कूच बिहार ट्राफी के अंतर्गत पश्चिम बंगाल व उत्तर प्रदेश के बीच क्रिकेट मैच एसआरएमएस भोजीपुरा में सुबह 10 बजे।

**PAGE NO IV : MIDDLE**

## पहले दिन प. बंगाल ने 17 ओवर में तीन विकेट पर बनाए 89 रन

### उत्तर प्रदेश की टीम ने टास जीतकर किया फील्डिंग का फैसला, कोहरे के चलते देर से शुरू हुआ मैच, दोपहर 2:40 बजे हुआ टास

जागरण संवाददाता, बरेली: कूच बिहार ट्राफी में उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल के बीच क्रिकेट मैच मंगलवार को शुरू हो गया। जिले के भोजीपुरा स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मैच का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि डीआइजी अजय कुमार साहनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुभकामनाएं दीं।

मंगलवार को घना कोहरा होने के चलते दृश्यता काफी कम थी, ऐसे में रेफरी ने मैच शुरू करने के लिए हरी झंडी नहीं दी। ऐसे में इंतजार के बजाय दोनों टीम की खिलाड़ी फुटबाल खेलते नजर आए। लंच के बाद कोहरा छटा तो दोपहर 2:40 बजे रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन से परामर्श के बाद मैच आरंभ करने का फैसला किया। दोनों अंपायर उत्तर प्रदेश के कप्तान भव्य गोयल और बंगाल के कप्तान चंद्रहास दास के साथ पिच पर पहुंचे और टास हुआ। यूपी के कप्तान भव्य गोयल ने टास जीता और बंगाल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। 17 ओवर के बाद बंगाल के बल्लेबाजों ने अपराह्न 4:27 बजे खराब रोशनी की अपील की, जिस पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने खेल रोका। करीब 35 मिनट बाद पहले दिन का मैच समाप्त होने की घोषणा की गई। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल ने तीन विकेट के नुकसान पर 89 रन बना लिए।



एसआरएमएस स्टेडियम में बल्लेबाजी कर रहे पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी • सौ. बीसीए

पहले बैटिंग करते हुए बंगाल के खिलाड़ियों ने संभल कर खेलना आरंभ किया, लेकिन उत्तर प्रदेश के गेंदबाज यश पंवार ने 6.4 ओवर में रवि सैनी के हाथ आत्मजा मंडल को 10 रन के निजी स्कोर पर कैच आउट करवा बंगाल का पहला विकेट हासिल किया। तब बंगाल का स्कोर 26 रन था। 62 रन के स्कोर पर कप्तान चंद्रहास के रूप में बंगाल का दूसरा विकेट गिरा, जिन्हें रवि सैनी ने 12.2 ओवर में अनमोल के हाथ कैच करवाया। कप्तान ने 25 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाए। 16.3 ओवर में 84 रन पर आशुतोष कुमार के रूप में बंगाल ने तीसरा विकेट खोया। 17 ओवर होने के बाद 4:27 बजे बंगाल के खिलाड़ी आदित्य राय (35 रन, 38 गेंद, 4 चौके) और अभिप्राय विश्वास (4 रन, 2 गेंद, एक चौका) ने बैड लाइट की अपील की। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने खेल रोका और कुछ देर रुकने के बाद अपराह्न 4:51 बजे पहले दिन का मैच समाप्त होने की घोषणा की। बुधवार को इसके आगे मैच खेला जाएगा।

**क्रिकेट में योगदान के लिए बीसीए सचिव सम्मानित :** मुख्य अतिथि डीआइजी अजय कुमार साहनी, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति और आदित्य मूर्ति ने क्रिकेट को बढ़ाने में योगदान के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि जनवरी में स्टेडियम डे नाइट मैच के आयोजन लिए तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर आइएमए अध्यक्ष डा. अतुल, डा. अंशु अग्रवाल, यूपी टीम के हेड कोच ध्रुव सिंह, मैनेजर विनय कुमार, बंगाल टीम के कोच शौर्यशील लाहिरी, मैनेजर मिलन घोष, चीफ क्यूरेटर शिव कुमार, क्यूरेटर युसुफ अंसारी, डा. नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।



शाट खेलता बल्लेबाज • सौ. बीसीए

**कूच विहार ट्राफी**

- रोशनी कम होने की वजह से अपराह्न 4:51 बजे रोकना पड़ा खेल
- पश्चिम बंगाल के कप्तान ने 25 गेंदों में पांच चौकों की मदद से बनाए 27 रन

**टीम यूपी**

भव्य गोयल (कप्तान), अयान अकरम, अनमोल नौशरम, कैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्शमन, शिवांशु सवान।

**टीम बंगाल**

चंद्रहास दास (कप्तान), आदित्य राय, आत्मजा मंडल, सयन पॉल, आशुतोष कुमार, आनन्द शुक्ला, अभिप्राय बिस्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान।